# 'सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका'

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में हरियाणा का देश में अव्वल रहने पर कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई



बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां आदि मौजूद रहे

- भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने जिलों के कार्यों की समीक्षा की, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई

**चंडीगढ़।** भाजपा की शुक्रवार को पंचकूला में संगठनात्मक बैठक हुई। सबसे पहले सीएम आवास में छोटी टोली और उसके बाद पंचकूला स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इन बैठकों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में हरियाणा का देश में अव्वल रहने पर कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई और आगामी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष और मोर्चा अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने जिलों के कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के बाद सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि मन की बात कार्यक्रम को सुनने में हरियाणा नंबर वन रहा। दिनभर चली बैठकों में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। भाजपा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत कर सवालों के जवाब भी दिए।

मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि सत्ता और संगठन के बेहतर तालमेल के माध्यम से मोदी और नायब सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों के घर-घर तक पहुंचाने की रणनीतिक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती, बल्कि सरोकारों की राजनीति करती है। भाजपा का यह चरित्र है कि हम चुनावी और वोट बैंक की राजनीति नहीं करते। सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवाचार पर जोर देते हैं। पीएम मोदी ने जनता से दूर हो गए रेडियो को ''मन की बात'' कार्यक्रम के तहत देश से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। मोदी और नायब सरकार की रचनात्मक गतिविधियां लोगों को नजर आ रही है। डबल इंजन की सरकार में हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पौधारोपण अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता समर्पित होकर काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को 25-25 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उससे भी अधिक पेड़ लगाने काम किया हैं। बड़ौली ने कहा कि पिछले दिनों योग दिवस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात कार्यक्रम के अलावा अन्य गतिविधियां चलाई गई थी उन सभी की आज समीक्षा की गई।

आगामी कार्यक्रमों के बारे में बड़ौली ने कहा कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संगठनात्मक 27 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है और अब जल्द ही जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्ति भी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद कार्यशालाओं का आयोजन कर सभी नए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आने वाले समय में भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्री जिलावार कार्यकर्ताओं की बैठक भी लेंगे।

ईडी द्वारा रॉबर्ट वाड्रा पर हुई कार्रवाई पर बड़ौली ने कहा कि गलत तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त करके पैसा कमाना गलत है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही ईडी कार्रवाई कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा परिवार का हर कार्यकर्ता जन सेवा व विकसित भारत, विकसित हरियाणा के संकल्प के साथ समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में संगठन के विस्तार, ''मन की बात'' कार्यक्रम की आगामी रणनीति एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# अज्ञात चोरों ने ऑयल मिल को निशाना बनाया



चोरी की वारदात के बाद कार्यालय में सामान बिखरा पड़ा है।

- चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद

**पावटा,** (निसं)। कस्बे में दिन-प्रतिदिन चोरी, लूटपाट जैसी वारदातें रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां गत दिनों हुई चोरियों का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि उससे पहले एक बार फिर चोरों ने दस्तक दी और एक ऑयल मिल को अपना निशाना बनाया। बुधवार रात में अज्ञात चोरों द्वारा पावटा में पुलिया स्थित जय शिव ऑयल मिल का टीनशेड काटकर मिल कार्यालय को अपना निशाना बनाते हुए गल्ले के ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। मिल संचालक जयशिव सोनी का आरोप है कि सोने-चांदी के कीमती जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने सुबह मिल खोली तो कार्यालय का सारा सामान इधर-उधर बिखरा था, जिससे चोरी की घटना का पता चला। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। जय शिव सोनी ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस थाने प्रागपुरा में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर वहां लगे सीसीटीवी व अन्य कैमरों की जांच कर चोरी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार पहले भी प्रागपुरा थाना क्षेत्र में बड़ी चोरियां हुई है, जहां अज्ञात चोरों द्वारा मकानों में नकदी व लाखों के गहने सहित कारखानों व दुकानों से लाखों का सामान चोरी कर लिया गया था, लेकिन अब तक पुलिस इस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे व्यापारियों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि, पीड़ित की तहरीर पर अपराध दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की सहायता से अतिशीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# काउंसलिंग के बिना ही शिक्षकों को पोस्टिंग मिलेगी

- 4800 सरप्लस शिक्षकों का अन्य स्कूलों में समायोजन होगा

**बीकानेर,** (निसं)। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चयनित शिक्षकों के पदस्थापन के बाद सरप्लस हुए शिक्षकों के समायोजन की तैयारी शुरू हो गई है।

प्रदेश में 4800 और बीकानेर जिले में करीब 150 सरप्लस शिक्षकों को अब हिंदी मीडियम स्कूलों के रिक्त पदों पर पोस्टिंग दी जाएगी। गाइडलाइन के मुताबिक सरप्लस शिक्षकों का समायोजन पास के स्कूल में किया जाएगा। पिछली बार की तरह इस बार भी सरप्लस शिक्षकों का पदस्थापन बिना काउंसलिंग के ही किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट में सरप्लस शिक्षकों के पदस्थापन के लिए 15 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की है। अधिशेष शिक्षकों व कार्मिकों का समायोजन रिक्त पदों पर ही किया जाएगा। यदि इस स्कूल में पद रिक्त है तो पहली प्राथमिकता वहीं दी जाएगी। उसके बाद उसी ग्राम पंचायत या ब्लॉक के स्कूल में रिक्त पद पर संबंधित अभिशेष शिक्षक का समायोजन किया जाएगा।

टाइम फ्रेम के मुताबिक इनके पदस्थापन आदेश 22 जुलाई को जारी होंगे। कार्य ग्रहण की तिथि के आधार पर वरिष्ठ कार्मिक का समायोजन उसी स्कूल में करते हुए कनिष्ठ कार्मिक को विद्यालय में अधिशेष माना जाएगा। आदेश में स्पष्ट है कि शहरी क्षेत्र के अधिशेष कार्मिकों का समायोजन शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के कार्मिकों का ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में किया जाएगा। अधिशेष प्रबोधक और शिक्षाकर्मियों का पदस्थापन ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में होगा प्रबोधक और शिक्षाकर्मी सहित पंचायत शिक्षकों के पद माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में नहीं होने के कारण इन स्कूलों से अधिशेष होने वाले इन कार्मिकों का समायोजन प्रारंभिक शिक्षा विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में किया जाएगा।

अधिशेष शिक्षकों के समायोजन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में एक भी पद रिक्त नहीं होने पर अस्थाई रूप से ऐसे कार्मिकों को शहरी क्षेत्र में आवश्यकता के आधार पर लगाया जा सकेगा। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में पद रिक्त नहीं होने पर शहरी क्षेत्र के कार्मिकों को ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार लगाया जा सकेगा।

# पाटन बाईपास पर बसों का मनमाना संचालन यात्रियों की मुसीबत बना

## पाटन स्टैंड पर सभी द्रुतगामी (फास्ट) बसों का ठहराव तय होने के बावजूद अधिकतर बसें धांधेला बाईपास से गुजर रही हैं

**पाटन,** (निसं)। सीकर, जोधपुर, डीडवाना, नागौर, खेतड़ी, अलवर सहित दिल्ली की ओर जाने और आने वाली सभी प्रमुख बसें पाटन स्टैंड को नजरअंदाज करते हुए सीधे बाइपास होकर निकल रही हैं। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पाटन स्टैंड पर सभी द्रुतगामी (फास्ट) बसों का ठहराव तय होने के बावजूद, अधिकतर बसें धांधेला बाइपास से गुजर रही हैं और यात्रियों को वहीं उतार दिया जाता है।

यात्रियों को बाइपास से पाटन तक एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले यात्री सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासी सुनील सैनी पाटनिया ने बताया कि कई बार यात्रियों द्वारा स्टैंड पर उतारने का निवेदन करने पर चालक और परिचालक बहस, बदसलूकी और कभी-कभी झगड़े पर उतर आते हैं। डर के मारे अधिकांश सवारियां बाईपास पर ही उतरने को मजबूर रहती हैं।इस समस्या को लेकर पूर्व में पाटन ग्राम पंचायत द्वारा सभी डिपो मैनेजरों को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था। पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में भी यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया था, बावजूद इसके अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। चालक और परिचालक अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं, जिसका खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पाटन स्टैंड पर ठहराव की व्यवस्था पहले से मौजूद है, तो यात्रियों को बाइपास पर क्यों उतारा जा रहा है? यह न सिर्फ यात्रियों के साथ अन्याय है, बल्कि बस प्रबंधन की उदासीनता और जवाबदेही की कमी को भी दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी डिपो प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी करें कि दिल्ली से आने-जाने वाली सभी बसें पाटन स्टैंड पर अनिवार्य रूप से रुकें। साथ ही, नियमों की अवहेलना करने वाले चालक-परिचालकों पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**चिड़ावा।** किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला के नेतृत्व में चिड़ावा उपखंड अधिकारी डॉ. नरेश सोनी द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के नाम से लूट को बंद कराने के लिए ज्ञापन भेजा। बराला ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं को भ्रमित कर लगा हुआ। चालू मीटर को तोड़ कर स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। यह सरासर गलत है। उस मीटर के पैसे उपभोक्ताओं के लगे हुए हैं। इनको अधिकार ही नहीं है। दूसरी बात जब पहले वाले मीटर सही चल रहे हैं तो स्मार्ट मीटर की आवश्यकता क्यों पड़ी। तीसरी बात स्मार्ट मीटर का 25 हजार रूपए उपभोक्ताओं से वसूल करेगा। चौथा रात को सोते ही कार्ड खत्म हो गया तो पूरी रात अंधेरे में गुजरेगी।

# पीएमसीएच में नवीनीकृत ओ.पी.डी. का शुभारंभ

**उदयपुर,** (निसं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बेदला में चेस्ट एवं टीबी रोग विभाग की नवीनीकृत ओपीडी का शहर के वरिष्ठ व प्रतिष्ठित चेस्ट एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. लुहाड़िया, पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, सीईओ शरद कोठारी, पीएमयू के प्रेसिडेंट डॉ. एम.एम. मंगल, चेस्ट एवं टीबी रोग विभाग के डॉ. सी.एस. पुरोहित, डॉ.अतुल लुहाडिया, डॉ. सुनील कुमार ने शुभारंभ किया।

शुभारंभ के इस अवसर पर चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को फेफड़ों एवं टीबी से संबंधित किसी भी जटिल बीमारी के लिए अब बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े। आधुनिक तकनीकों से युक्त यह ओपीडी हमारे इस उद्देश्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. लुहाड़िया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा यह सुविधा चेस्ट एवं टीबी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। पीएमसीएच ने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में नया मानक स्थापित किया है।

इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट एवं चेस्ट व टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.अतुल लुहाड़िया की देखरेख में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई ओपीडी में फेफड़ों से संबंधित समस्त आधुनिक जांच व उपचार अब उदयपुर में ही उपलब्ध होंगे, जिससे मरीजों को इलाज के लिए अहमदाबाद या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। नवीनीकृत ओपीडी में ब्रॉन्कोस्कोपी, क्रायो बायोप्सी, थोरोस्कोस्कोपी सहित अन्य एडवांस सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा एक्स-रे, 2डी इको, स्पाइरोमेट्री, डीएलसीओ जैसी सेवाएं भी मरीजों को मुफ्त में दी जा रही हैं।

# साक्षात्कार कार्यक्रम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) भर्ती-2019 के अंतर्गत द्वितीय चरण का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि द्वितीय चरण में साक्षात्कार का आयोजन 4 से 20 अगस्त तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

# धरना 563वें दिन भी जारी

**चिड़ावा।** लाल चौक पर किसान सभा द्वारा संचालित अनिश्चितकालीन नहर सत्याग्रह आंदोलन का 563वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह चाहर ने की। क्रमिक अनशन पर महेंद्र भास्कर बैठे। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन में जनता को आव्हान किया कि बिजली विभाग स्मार्ट मीटर के नाम की एक नई लूट चालू करी है वो बर्दाश्त से बाहर है। धरने पर कामरेड बजरंगलाल बराला, रणधीर सिंह ओला आदि बैठे।

# झुंझुनूं के उत्सव कुमार गोयनका को दस लाख की सहायता राशि मिली

**झुंझुनूं।** कोविड-19 महामारी में अनाथ हुए बच्चों की सहायतार्थ के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण माता-पिता को खो चुके बच्चों को नियमित अध्ययनरत होने पर प्रत्येक शैक्षिणक सत्र में 20 हजार रूपए की छात्रवृत्ति 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने तक प्रदान की जा रही है एवं 10 लाख रूपए की सहायता राशि उनके पोस्ट ऑफिस बैंक खाते में जमा की गई है। यह राशि बच्चों के 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें प्राप्त होगी।

बच्चों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात राशि प्राप्त होने तक उक्त राशि का ब्याज प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना में प्रायोजन भत्ते के रूप में प्रतिमाह राशि चार हजार रूपए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रदान की जा रही है। उक्त योजना में लाभान्वित बालक उत्सव कुमार गोयनका ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए नौ बालक-बालिकाएं उक्त योजना में विभाग द्वारा लाभान्वित है। जिसमें बालक उत्सव कुमार गोयनका पुत्र विनोद गोयनका निवासी झुंझुनूं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 10 लाख रूपए की ब्याज राशि प्राप्ति के लिए 'बचत खाते की पासबुक' प्रदान कर योजना से लाभान्वित किया।

# वृद्धा को बंधक बनाकर मारपीट कर लूट, दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने आमजन को संदेश देने के लिए दोनों आरोपियों का बाजार में जुलूस निकाला।

- वारदात में संलिप्त विधि से संघर्षरत दो बालक निरुद्ध
- प्रकरण में चोरी किया हुआ माल सोने व चांदी के जेवरात बरामद

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाना पुलिस ने दहशत फैलाने और मारपीट कर लूट की वारदात करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आमजन में पुलिस का विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों को मौके पर ले जाकर घटनास्थल की तस्दीक करवाई। इस दौरान पुलिस ने बाजार में आरोपियों का जुलूस भी निकाला। पुलिस ने आरोपियों को शहर के मुख्य बाजारों में पैदल चलाकर लोगों को भय मुक्त रहने का संदेश दिया। शातिर अपराधियों को मुख्य बाजारों में एक पैर पर लड़खड़ाते चलते हुए देखने वालों की भीड़ लग गई।

राजन दुष्यंत उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के नेतृत्व में थाना प्रभारी विराटनगर सोहनलाल मय टीम, कश्मीरसिंह उप निरीक्षक पुलिस चौकी मैड व सायबर सेल कोटपुतली द्वारा 12 जुलाई की रात्रि ग्राम पालड़ी में अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर वृद्ध महिला को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट कर घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ले जाने की घटना में तीन टीमों का गठन किया। टीमों ने आपस में समन्वय स्थापित करते हुए घटना कारित करने वाले अपराधियों की पहचान कर संभावित स्थानों पर दबिश देते हुए विकास पुत्र ओमप्रकाश निवासी टीबी की ढाणी श्यामपुरा थाना विराटनगर, राकेश पुत्र ख्यालीराम निवासी द्वारिकापुरा थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार किया और सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए। आरोपियों से गहनता से अनुसंधान कर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।

वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई को प्रेम देवी (50) पत्नी स्व. रामनाथ कुम्हार निवासी पालड़ी थाना विराटनगर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 11 जुलाई की रात्रि करीब दो बजे अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर मेरे साथ मारपीट की, जिससे कि मेरी आंखों पर सूजन आ गई। उन्होंने मेरे हाथ-पैर बांध दिए जिससे में घबरा गई व उनसे कहा कि मुझे जान से मत मारना। उसके बाद बदमाशों ने मुझसे मारपीट कर घर की चाबियां ले ली व मुझे चारपाई से बांध दिया। चाबियों से संदूक व अलमारियों के ताले खोलकर और उन्हें तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में संलिप्त विधि से संघर्षरत दो बालक निरुद्ध किये हैं। उक्त वारदात में अज्ञात बदमाशों की पहचान व गिरफ्तार करने में पुष्पेंद्र कांस्टेबल साइबर सेल जिला कोटपुतली बहरोड़, देवीलाल कांस्टेबल पुलिस चौकी मैड थाना विराटनगर की अहम भूमिका रही।

# युवक का शव मिलने के मामले में परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे

- परिजनों ने जांच बदलने व जांच पिलवा थाना से मौलासर थानाधिकारी से करवाने की रखी मांग की
- चार दिन से लापता युवक का भकरी के जंगल में शव मिला था, मृतक शिवराज रैगर के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**डीडवाना,** (निसं)। जिले के परबतसर उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम भकरी में उपतहसील कार्यालय के पीछे जंगल में एक युवक का शव मिलने के मामले में परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को एक परिवाद पेश किया। परिजनों ने पिलवा पुलिस पर जांच सही नहीं करने का आरोप लगाते हुए एसपी से जांच बदलने की मांग करते हुए मौलासर थानाधिकारी से जांच करवाने की मांग का परिवाद पेश किया है।

गौरतलब है कि भखरी गांव निवासी ओमप्रकाश रेगर ने चार जुलाई को पिलवा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि मेरा भाई शिवराज चार दिन से लापता था, जिसका जानवरों से नोचा हुआ एक हाथ कटा शव उपतहसील के पीछे कच्ची सड़क के पास पगडंडी से कुछ दूरी पर झाड़ियों में मिला था। परिजनों ने एसपी को हत्या की आशंका जताते हुए जांच बदलने की मांग की है। परिजनों ने दी गई रिपोर्ट में आशंका जताते हुए बताया कि हमारे भाई की हत्या कर उसके शव को तेजाब से जला दिया व बायां हाथ काटा हुआ था, जिसकी सूचना पुलिस थाना, पीलवा में दी थी, परन्तु पुलिस थाना पीलवा ने अभी तक इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की है। परिजनों ने बताया कि हमे जिन लोगों पर हत्या का शक है उनकी सूचना पिलवा थाने में देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों ने एसपी से परिवाद मौलासर थाने में भेज कर भाई के हत्यारों को गिरफ्तार कर न्याय दिलवाने की मांग की है।

# ऑनलाइन संशोधन का मौका 28 तक

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता (कार्मिक क-4/2 विभाग) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन 22 से 28 जुलाई 2025 तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती अंतर्गत सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं कृषि अभियांत्रिकी के पदों हेतु परीक्षा का आयोजन 28 सितंबर 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है।

# किराये की दुकान अपनी बताकर बेची

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किराये की दुकान को अपनी बताकर बेचान करने वाले आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित अभिषेक अग्रवाल ने एडवोकेट आस्था बैरवा व चंदा वर्मा के जरिये अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि राहुल छाबड़ा नामक युवक ने तेली मोहल्ला स्थित चंद्रप्रभु जैन मंदिर के सामने एक दुकान को स्वयं के स्वामित्व की बताकर 25 लाख रूपये में बेचान कर दिया। इसकी एवज न्यायालय परिसर में विक्रय इकारनामा परिवादी के पक्ष में नोटेरी कराकर निष्पादित कर गवाहों की मौजूदगी में 5 लाख रूपये प्राप्त कर लिये और 14 माह बाद रजिस्ट्री कराने पर सहमति जताई। परिवादी ने तय मियाद मुताबिक रजिस्ट्री कराने के लिये बोला तो आरोपी ने इंकार करते हुए कहा दुकान मेरी नहीं है, में तो किरायेदार हूं। यह वाक्या सुनते ही परिवादी के पैरो तले जमीन खिसक गई। कोई परिणाम सामने नहीं आने पर न्यायालय में परिवाद पेश किया। अदालत ने एडवोकेट आस्था बैरवा व चंदा वर्मा के तर्कों से सहमत होते हुए मदनगंज थाना पुलिस को आरोपी राहुल छाबड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।